
# अपनी बात

अंक : 543 वर्ष 43 सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका रॉंची, 31 मार्च, 2019

## सीसीएल कर रहा आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल



आरएफआईडी द्वारा निगरानी

सीसीएल सीसीटीवी आधारित भार नियंत्रण (CCTV based Weighing Control) और निगरानी प्रणाली (Monitoring System) के साथ जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टम और आरएफआईडी का प्रयोग कर रहा है। इस तकनीक की सहायता से सीसीएल के कमांड क्षेत्र के अंतर्गत खदानों से साईडिंग एवं कोल हैण्डलिंग प्लांट (सीएचपी) तक ट्रकों के परिवहन पर निगरानी रखी जा रही है एवं नियमित रूप से कोयला उत्पादन, प्रेषण, विपणन एवं अन्य संबंधित रिपोर्ट बनायी जा रही है। इस आईटी पहल से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के साथ–साथ उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है।

## सीएमडी, सीसीएल ने फ्लैग ऑफ कर जेएसएसपीएस खेल महाकुम्भ की शुरूआत की

विगत 25 मार्च को सीसीएल मुख्यालय परिसर में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने फ्लैग ऑफ कर जेएसएसपीएस खेल महाकुम्भ," के द्वितीय चरण की शुरूआत की। इस अवसर पर नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (तक. (संचा.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, नि. (तक. (यो./परि.) श्री भोला सिंह, सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव सहित जेएसएसपीएस के सीईओ श्री जे तिवारी, सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, जेएसपीएस के सदस्यगण एवं अन्य उपस्थित थे।




फ्लैग ऑफ करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

## सीसीएल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2019 पूरे उत्साह के साथ मनाया गया

सीसीएल मुख्यालय में विगत 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया जिसका थीम 'बैलेन्स फोर बेटर" था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह एवं विशिष्ट अतिथि, ले. कर्नल श्रीमती अश्विनी पवार, आईपीएस, श्रीमती ए. विजयलक्ष्मी, पूर्व ब्यूरो प्रमुख, टाईम्स ऑफ इंडिया, श्रीमती सोनाली दास, निदेशक (कार्मिक) की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक(तक./संचा.) की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, सीवीओ की धर्मपत्नी श्रीमती निधी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में मुख्यालय, विभिन्न क्षेत्रों एवं केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर की डॉ मंजू मिश्रा, डॉ मयूरी भट्टाचार्य एवं अन्य महिला कर्मी उपस्थित थीं।

इस अवसर पर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए माननीय अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह में सीसीएल की महिला कर्मियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दिवस पर केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर में "आरोग्यम" क्लीनिक का उदघाटन श्रीमती प्रमिला सिंह के करकमलों द्वारा किया गया। यह क्लीनिक प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 09 से 01 बजे तक संचालित की जायेगी जिसमें महिलाओं के लिए स्तन कैन्सर एवं गर्भाशय कैन्सर की प्रारंभिक जांच मेमोग्राफी एवं अन्य पद्धति द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी।




दिप प्रज्जवलित करती मुख्य अतिथि श्रीमती प्रमिला सिंह एवं विशिष्ट अतिथिगण

## होली मिलन समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



सीएमडी श्री गोपाल सिंह संबोधित करते हुए

सीसीएल मुख्यालय परिसर में विगत 20 मार्च को संध्या में "होली मिलन समारोह" का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल परिवार सहित झारखंडवासियो को होली के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी और कामना किया कि पूरे वर्ष इसी तरह समाज का हर व्यक्ति उमंग और हर्षोल्लास के साथ जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि होली का रंग नहीं बदलता है, लाल है तो लाल रहेगा, पीला है तो पीला रहेगा और रंगो का त्योहार इस बात का द्योतक है कि हम सब एक परिवार के सदस्य हैं और सभी का लहू लाल है। श्री सिंह ने कहा कि होली का पावन पर्व हमें सारे भेदभाव भुलाकर आपसी सद्भाव के वातावरण में पर्व मनाने का संदेश देता है।

निदेशक (का.) श्री आर एस महापात्र, निदेशक (तक/संचालन) श्री वी के श्रीवास्तव एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह ने भी अपने–अपने सम्बोधन में कहा कि यह रंगो का महापर्व आपके जीवन में अनंत सुख, समृद्धि और खुशियां लाये। सभी ने होली के पर्व को हर्षोल्लास और प्रेम के साथ मनाने को कहा। इस अवसर पर कलाकार श्री शशि भूषण कुमार एवं उनके टीम ने भोजपुरी गीत गाकर लोगों का मनोरजंन किया। होली रंगो का त्योहार और आपसी बंधुत्व का त्योहार है, बड़ी संख्या में कर्मियों ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली मनाई।

## "कोल इंडिया अंशदायी सेवानिवृत्ति चिकित्सा योजना" पर संगोष्ठी का आयोजन




मुख्य अतिथि जोनल कमिश्नर (रॉंची) श्री टी.आर. नायक संबोधित करते हुए

सीसीएल मुख्यालय के "विचार मंच" में विगत 09 मार्च को कोल इंडिया/सीसीएल के सेवानिवृत कर्मियों के लिए "कोल इंडिया अंशदायी सेवानिवृत्ति चिकित्सा योजना (सीपीआरएमएसई)" पर सीसीएल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि सीएमपीएफ के जोनल कमिश्नर (रांची) श्री टी.आर. नायक सहित सीसीएल सीएमएस डॉ सी.पी. धाम, सीएमएस डॉ मंजु मिश्रा, महाप्रबंधक (कर्मचारी स्थापना) श्रीमती विनिता शरण, महाप्रबंधक (समाधान) सुश्री रश्मि दयाल, महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) श्री ए के सिंह, सहित अन्य सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। संगोष्ठी में लगभग 100 से अधिक सेवानिवृत कर्मी शामिल हुए और उन्हें मेडिकल सुविधाओं पर जानकारी दी गयी। सेवानिवृत कर्मीयों ने संगोष्ठी के दौरान अपनी समस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराया, जिसके निवारण हेतु समुचित कार्यवाई करने का प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया।

## परियोजना प्रभावित परिवार के युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण

सीसीएल के सीएसआर विभाग द्वारा भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के रसायन और पेट्रो रसायन विभाग के सहयोग से हेहल, रांची में कोयला खनन परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के लिए छह महीने का कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सीसीएल के कथारा, बी. एण्ड के., बरका–सयाल और एन.के. क्षेत्रों के 38 परियोजना प्रभावित निवासियों ने कौशल विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

विगत 06 मार्च को सीसीएल के निदेशक (का.), श्री आर.एस. महापात्र ने विधिवत इस कौशल विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को कौशल के लिए मशीन संचालन और इंजेक्शन मोल्डिंग का उपयोग सीखने के लिए प्रेरित किया।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

सीसीएल मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक विगत 18 मार्च को सीएमडी श्री गोपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री सिंह ने उपस्थित सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि राजभाषा हिन्दी हम सभी को एक सूत्र में पिरोती है और आप सभी हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य कार्यालय में करें।

राजभाषा विभाग के प्रबंधन प्रशिक्षु दिविक दिवेश ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की रिपोर्ट को पावर प्वाइंट के माध्यम से उपस्थित सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्यालय से महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित क्षेत्रों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)